

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


**अनमोल वचन**

हार को पहचान बना लो
अपनी,जीत का मज़ा फिर
दुगुना होगा यकीनी।
जो थक कर भी मुस्कुराते
हैं,वही असली जीत पाते हैं।


रविवार 05 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 92 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


# सब–जूनियर हॉकी नेशनल में बिहार का धमाल, हिमाचल को 3–1 से हराया, दिल्ली की 30–0 से ऐतिहासिक जीत

## सब–जूनियर नेशनल में गोलों की बारिश, बिहार विजयी, दिल्ली ने रचा इतिहास

**केशववाणी रानी सिन्हा /शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर (नालंदा)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित 16वीं सब–जूनियर मेन नेशनल हॉकी चौंपियनशिप 2026 में चौथे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। राजगीर खेल अकादमी में चल रहे इस टूर्नामेंट में बिहार समेत कई टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। दिन के प्रमुख मुकाबले में हॉकी बिहार ने हॉकी हिमाचल प्रदेश को 3–1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टीम के कप्तान अभय सिंह ने मैच के 6वें और 11वें मिनट में दो गोल कर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। इसके बाद अमृतांशु पांडे ने 28वें मिनट में एक और गोल कर जीत पक्की कर दी। हिमाचल प्रदेश के लिए पंकज वर्मा ने 31वें मिनट में एकमात्र गोल किया। चौथे दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने हॉकी गुजरात को 30–0 के बड़े अंतर से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। इस मैच में सिद्धार्थ ने 8 गोल, आर्यन ने 5 गोल, जबकि सुशांत सेहरावत और युवराज सिंह ने 4–4 गोल किए। रिहान ने हैट्रिक लगाई, जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन योगदान दिया।



अन्य मुकाबलों में हॉकी उत्तराखंड ने तेलंगाना हॉकी को 4–0 से हराया, जिसमें अमन कुमार ने हैट्रिक लगाई। छत्तीसगढ़ हॉकी ने हॉकी कर्नाटक को 4–1 से हराया। हॉकी जम्मू–कश्मीर ने हॉकी राजस्थान को 2–1 से मात दी। वहीं, हॉकी मिजोरम ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 4–0 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। दिन के अंतिम मुकाबले में असम हॉकी और पुडुचेरी हॉकी के बीच 2–2 से रोमांचक ड्रॉ खेला गया। चौथे दिन के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट में आगे भी कड़े और रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद जताई जा रही है।




# उर्वरक की कालाबाजारी पर सख्ती: डीएम के निर्देश पर छापेमारी, 5 लाइसेंस निलंबित

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार के निर्देश पर जिले में उर्वरक (फर्टिलाइजर) की कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई कृषि विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर की गई। छापेमारी के दौरान एक प्रतिष्ठान में गंभीर अनियमितता पाई गई, जहां कम्पनीवार भंडार पंजी संधारित नहीं किया जा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी, नालंदा ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक मूल्य वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**किसानों से अपील**

किसानों से अपील की गई है कि वे उर्वरक खरीदते समय पक्का बिल अवश्य लें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

**अब तक की कार्रवाई (रबी 2026)**

रबी सीजन 2026 के अंतर्गत अब तक 203 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई है, जिसमें 7 प्रतिष्ठानों पर अनियमितताएं पाई गईं। सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया, जिसमें संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर 5 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।

**उर्वरक की उपलब्धता**

जिला प्रशासन के अनुसार वर्तमान में नालंदा जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। 04 अप्रैल 2026 को iFMS पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 6189.14 मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण मौजूद है।

# हॉकी इंडिया सब जूनियर मेन नेशनल चौम्पियनशिप – बिहार ने हिमालच को हराया

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** खेल अकादमी में चल रही 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर मेन नेशनल चौंपियनशिप के चौथे दिन दिल्ली, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, मिजोरम और बिहार ने अपने–अपने मैच जीते वहीं असम व पाडिचेरी ने ड्रॉ खेला। पहले मैच में दिल्ली ने गुजरात पर 30–0 से ज़बरदस्त जीत दर्ज की। सिद्धार्थ ने आठ गोल दागे। वहीं आर्यन ने पांच गोल किया। सेहरावत सुशांत और सिंह युवराज ने चार–चार गोल किए, जबकि रिहान ने हैट्रिक लगाई। लव, इब्राहिम हारून और पुरुषोत्तम ने दो–दो गोल करके दिल्ली हॉकी को हराया। दूसरे मैच में उत्तराखंड ने तेलंगाना को 4–0 से हराया। कुमार अमन ने हैट्रिक के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जबकि विकास कश्यप ने एक गोल करके हॉकी उत्तराखंड की जीत पक्की कर दी। तीसरे मैच में छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को 4–1 से हराया। छत्तीसगढ़ हॉकी के लिए लवी मानिकपुरी, अभिषेक यादव, मिनी रोहन और ओम कुमार यादव ने गोल किए, जबकि हॉकी कर्नाटक के लिए हर्षवर्धन नागानबोइना विनायकश्री ने एकमात्र गोल किया। अन्य मैच में जम्मू एंड कश्मीर ने राजस्थान को 2–1 से हराया। सुखप्रीत सिंह ने पहला गोल किया जिसके बाद हरमनदीप सिंह ने हॉकी जम्मू एंड कश्मीर के लिए एक और गोल किया। गुरशन सिंह ने हॉकी राजस्थान के लिए एक गोल किया, लेकिन यह सिर्फ एक सांत्वना साबित हुआ।




मिजोरम ने आंध्रप्रदेश पर शानदार जीत दर्ज की। कैप्टन जोसेफ माल्सावमटलुआंगा ने शानदार हैट्रिक के साथ शुरुआत से लीड किया जबकि जैकब लालावम्पुइया ने भी स्कोर किया। अन्य मैच में बिहार ने हिमाचल पर 3–1 से जीत दर्ज की। कैप्टन अभय सिंह ने दो गोल के साथ शुरुआत से लीड किया, जबकि अमृतांशु पांडे ने गोल किया। हिमाचल के लिए पंकज वर्मा ने मैच का एकमात्र गोल किया। दिन के अंतिम खेल में असम और पाडिचेरी ने 2–2 से रोमांचक ड्रॉ खेला। कप्तान सजल बिस्वास ने ले पुदुचेरी हॉकी के लिए दोनों गोल किए, जबकि ऋतिक और मणिकंदन असम हॉकी के लिए निशाने पर थे।






# वीरांगना झलकारी बाई का शहादत दिवस मनाया गया, समाज के लोगों को जागरूक होने की जरूरत – अनिता कुमारी गुप्ता

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** प्रखंड के मोरा एवं नेकपुर में शनिवार को अखिल भारतीय पान महासंघ एवं इंडियन इंक्लूसिव पार्टी द्वारा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान नायिका वीरांगना झलकारी बाई का बलिदान दिवस मनाया गया। अखिल भारतीय पान महासंघ के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई के शौर्य गाथा हम पान समाज के लिए गौरव की बात है। हमारे समाज में इस तरह के बलिदानी लोग हुए। हम उनके बारे में जानकारी नहीं रहने के कारण उनको याद नहीं कर पाते हैं।



इनके बारे में समाज को जागरूक होने की जरूरत है। युवाओं को जानना चाहिए। इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश पान, प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं नारायण तांती, बलराम तांती ने भी बलिदान दिवस पर अपनी बात रखी। लोगों ने कहा कि समाज को शिक्षित बनाना है। अपने पूर्वजों का याद करना है। उनके बताये रास्ते पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर धीरज कुमार, रिंकू देवी, धारो देवी, लाली कुमारी, बसंत तांती, रजिया देवी, राजो तांती, लखन तांती, चिंता देवी, सकिंदर तांती, गंगा सागर सहित अन्य मौजूद थे।


अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120

# रंगदारी नहीं देने पर किसान को गोली मारी, हालत गंभीर

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट अस्थावां (नालंदा) ।** जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र अंतर्गत उगावां गांव से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां रंग. दारी नहीं देने पर बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उगावां निवासी जयराम प्रसाद अपने खेत में मिट्टी भराई का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान कुछ दबंग वहां पहुंचे और उनसे रंगदारी की मांग करने लगे। जब जयराम प्रसाद ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपियों ने उन पर गोली चला दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों की मदद से घायल को आनन–फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।




वहीं, घटना की सूचना मिलते ही अस्थावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है। फिलहाल इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# रिल बनाने के चक्कर में युवक ने लहराई राइफल वीडियो वायरल होते ही पुलिस जांच में जुटी

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट दीपनगर (नालंदा)।** सोशल मीडिया के इस दौर में युवाओं के बीच रील बनाने का क्रेज तेजी से बढ़ता जा रहा है। लाइक, व्यूज और फॉलोअर्स पाने की होड़ में कई युवा कानून की परवाह किए बिना खतरनाक कदम उठा रहे हैं। यही शौक अब कई युवाओं के लिए मुसीबत का कारण भी बनता जा रहा है। ताजा मामला नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव से सामने आया है, जिसने इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डुमरावां गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक युवक खुलेआम अपने हाथ में राइफल लेकर लहराते हुए नजर आ रहा है। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि युवक ट्रैक्टर पर चढ़कर हथियार का प्रदर्शन कर रहा है और बेखौफ अंदाज में इधर–उधर घूम रहा है। बताया जा रहा है कि युवक ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के उद्देश्य से बनाया था, ताकि इलाके में अपना दबदबा दिखा सके और लोगों के बीच अपनी पहचान बना सके। हालांकि, इस तरह का हथियार प्रदर्शन कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है और इससे आम लोगों में भय का माहौल भी बन सकता है।



वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। दीपनगर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि उसके पास मौजूद हथियार लाइसेंसी है या अवैध। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। सोशल मीडिया पर लाइक और लोकप्रियता के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही आरोपी के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।




# सिलाव में अगलगी में 60 से अधिक किसानों की 200 बीघा गेहूं की फसल राख

## विद्युत शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने मचाई तबाही, देर से दमकल पहुंचने पर किसानों ने जतायी नाराजगी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** सिलाव प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को आग ने जमकर तांडव मचाया। पछुआ हवा के थपेड़ों और चिल. चलाती धूप के बीच विंडीडीह के घोघरा खंधा में बिजली के ट्रांसफॉर्मर से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस अगलगी में करीब 60 से अधिक किसानों की 200 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। साल भर की कमाई को आंखों के सामने राख होते देख किसानों के सब्र का बांध टूट गया। चिंगारी उठते ही तेज हवा ने आग को घी का काम किया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, आग घोघरा खंधा से फैलते हुए नवा खंधा और बीच नहिया खंधा तक पहुंच गई। आसमान में धुएं का गुबार और चारों तरफ मची चीख–पुकार के बीच किसान अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने में जुट गए। आग पर काबू पाने की कोशिश में विंडीडीह निवासी सिकंदर कुमार सिंह और नीतीश कुमार उर्फ बोधु मामूली रूप से झुलस गए। हालांकि चोट के बावजूद दोनों किसान अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने के प्रयास में जुटे रहे। किसानों ने कहा कि इसकी सूचना थाना प्रभारी, सीओ और बीडीओ को भी दी गई। किसानों ने कहा कि सूचना देने के करीब पौन घंटे बाद दमकल की गाड़ियां पहुंचीं। तब तक फसल का बड़ा हिस्सा स्वाहा हो चुका था।



समय पर मदद न मिलने से मोहन सिंह, रामजन्म सिंह, सुनील, रामप्रवेश कुमार, ललन सिंह और तरुण सिंह समेत दर्जनों किसानों काफी गुस्से में दिखे। कहा कि यदि अग्निशमन दस्ता समय पर आता तो नुकसान काफी कम हो सकता था। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अगलगी में खेमजी बिगहा, विंडीडीह, नानंद एवं करियना गांव के किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। खेमजी बिगहा के किसान साधुशरण यादव ने बताया कि उनकी 10 कट्ठा की फसल जल गई है। कई ऐसे किसान हैं जिनकी पूरी जमा–पूंजी इसी फसल पर टिकी थी।




अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# तेज हवा में बरगद की टहनी गिरी, 28 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट अस्थावां(नालंदा)।** जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र अंतर्गत सोयबा पर गांव के समीप शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तेज हवा के कारण बरगद के पेड़ की भारी टहनी गिरने से युवक उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर हालत हो गई। मृतक की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के बलिया बिगहा गांव निवासी राम प्रसाद मिस्त्री के पुत्र रा. जकुमार मिस्त्री के रूप में की गई है।



**ब्रश करने के दौरान हुआ हादसा**

मृतक के दोस्त सूरज कुमार के अनुसार, राज. कुमार मिस्त्री शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे सोयबा पर स्थित अपनी बहन के ससुराल के पास शौच के बाद घर के पीछे ब्रश कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज हवा चलने लगी। तेज हवा के कारण पास में स्थित एक पुराने बरगद के पेड़ की मोटी टहनी टूटकर सीधे उनके ऊपर गिर गई। सिर और पीठ पर गंभीर चोट लगने के कारण वे लहूलुहान होकर वहीं दब गए।

**सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित**

जब काफी देर तक राजकुमार दिखाई नहीं दिए, तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से उन्हें टहनी के नीचे से बाहर निकाला गया और तुरंत बिहारशरीफ सदर अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बहनोई जवाहर मिस्त्री ने बताया कि टहनी इतनी अचानक गिरी कि राजकुमार को संभलने का कोई मौका नहीं मिला।

**शादी की खुशियां मातम में बदलीं**

इस हृदयविदारक घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। राजकुमार पेशे से बढ़ई थे और लकड़ी के फर्नीचर का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं, जिनका रो–रोकर बुरा हाल है। सबसे दुखद बात यह है कि आगामी 20 अप्रैल को उनके छोटे भाई की शादी होने वाली थी। जिस घर में खुशियों का माहौल था और शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है।

**पुलिस की कार्रवाई**

घटना की सूचना मिलते ही अस्थावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पा. `स्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि पेड़ की टहनी गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# बिजली कि चिंगारी से घर में लगी , लाखों का नुकसान, पीडीता ने मुआवजा की मांग

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** लोहारा गांव में आगलगी की घटना से कीमती सामान, नकदी , कागजात और अनाज जलकर खाक हो गया है।आग खाना बनाते समय बिजली कि चिंगारी से लगा था।पी. डीता ने शनिवार को मुआवजा के लिए पुलिस–प्रशासन को आवेदन सौंप कर मुवावजा की मांग की है।घटना हरनौत थाना क्षेत्र के लोहरा गांव की घटना है। वहीं ग्रामीण सह मुखिया प्रतिनिधि सुमिद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि पीड़िता शल्लू बिंद के पत्नि फेकनी देवी है। कहा कि घर से पश्चिम गली में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड का तार लगा हुआ है। जिसे आपस में टकराने से चिंगारी उत्पन्न हुई। जिससे घर को लपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया ।लेकिन इस अगलगी में मसूरी , खेसारी , मूंग , पलंग, कुलर,टीवी ,पेटी में रखा कपड़ा,पलंग समेत 40 हजार नगद जलकर खाक हो गया। उन्होंने कहा कि पीडीता ने घर में पैसा पुतौह के ऑपरेशन के लिए रखा था। वहीं अंचलाधिकारी पुजा कुमारी ने कहा कि आवेदन लेकर पीडीता पहुंचे थी। लेकिन उसे थाना में दर्ज सन्हा को संग्लन करके देने को कहा गया है।कहां जांच पड़ताल कर पीडीता को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

# फीस विवाद के बीच छात्र को रोके जाने का आरोप, मीडिया पहुंचते ही बदला रुख – बिहार शरीफ के निजी स्कूल का मामला

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला मुख्यालय के अयोध्या नगर स्थित एक निजी स्कूल नालंदा कन्वेंट क्लासेज एक बड़े विवाद में घिर गया है। आरोप है कि बकाया फीस के कारण स्कूल प्रबंधन ने छात्र को उसकी माँ से मिलने तक नहीं दिया, जिससे इलाके में आक्रोश फैल गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जमुई जिला निवासी रिंकी देवी अपने बेटे राहुल कुमार जो नालंदा कान्वेंट क्लासेज के हॉस्टल में रह कर पढ़ाई कर रहा था, उसी को लेने स्कूल पहुंचीं थीं। उन्होंने बताया कि वे अपने बच्चे का 9वीं कक्षा में नामांकन कराने के लिए जमुई से ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) लेने जाना था , ताकि उसे सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाया जा सके और वह आगे की पढ़ाई जारी रख सके। इसी के लिए दो दिनों की छुट्टी लेने के लिए आयी थी। वही छात्र की माँ रिंकी देवी का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कहा कि जब तक बकाया फीस जमा नहीं की जाएगी, तब तक बच्चे को न तो स्कूल से ले जाने दिया जाएगा और न ही माँ से मिलने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्कूल प्रशासन को भरोसा दिलाया था कि सरकारी स्कूल का टीसी लेने के लिए बाद दो दिनों के भीतर बच्चा वापस आ जाएगा और बकाया फीस भी जमा कर दी जाएगी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अपने बेटे से मिलने तक की अनुमति नहीं दी गई।



**छात्र ने भी लगाए गंभीर आरोप**

वहीं छात्र राहुल कुमार ने भी स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल के अनुसार, वह स्कूल के हॉस्टल में रहता है, जहां उसे सुबह के समय बासी खानाकृरोटी और दालकृदिया जाता है। उसने कहा कि इस वजह से उसकी सेहत पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।इस पूरे मामले पर स्कूल प्रबंधन का कहना है कि छात्र की फीस बकाया है और स्कूल के नियमों के अनुसार पहले भुगतान करना जरूरी है। घटना के सामने आने के बाद अन्य अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि किसी भी परिस्थिति में छात्र को उसकी माँ से मिलने से रोकना अमानवीय है और शिक्षा के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। वही मीडिया के पहुंचने के बाद स्कूल प्रबंधक ने बच्चे को माँ के साथ जाने की अनुमति दे दी है।

# उत्तरनावां में आयोजित सत्संग में मांस, मछली, अण्डा, शराब को मुक्ति करने का दिया गया संदेश, सत्संग में हजारों भक्तों की लगी भीड़



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट रहुई (नालंदा)।** परम पूज्य संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज शाकाहार–सदाचार एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ आध्यात्मिक चेतना जगाते हुए अपनी यात्रा के 29वें पड़ाव पर रहुई प्रखंड के उतरनाँवा गांव पहुंचे। इस दौरान उन्हा. `ने अपने सत्संग संदेश में महाराज जी ने कहा कि सत्संग में किसी धर्म व मजहब या किसी व्यक्ति की निन्दा आलोचना नहीं की जाती। यहां तो उस प्रभु के प्रति श्रद्धा भक्ति प्रेम व प्यार पैदा किया जाता है। हमारे गुरु महाराज बाबा जयगुरुदेव जी महाराज कहा करते थे कि ऐ इन्सानों! तुम अपने दीन ईमान पर वापस आ जाओ। रोटी के लिये ईमान मत बेचो। ईमानदारी व मेहनत से खेती दुकान दफ्तर में काम करो तो खुदा की बरकत और भगवान की दया हो जायेगी। घर में कोई भूखा नंगा नहीं रहेगा। चौबीस घण्टे में सुबह शाम दो घंटा समय निकाल कर इस मनुष्य मंदिर में बैठकर भगवान की सच्ची पूजा, सच्ची इबादत कर लो। जिसके लिये यह मनुष्य शरीर इंसानी जामा तुमको मिला है। यदि आपने ऐसा कर लिया तो मरने के बाद आपकी रूह नर्कों दोजखों में नहीं जायेगी। महाराज जी ने सच्ची व सरल साधना का भेद नामदान देकर सुमिरन, ध्यान, भजन को विधिवत् विस्तार से समझाया। संस्थाध्यक्ष ने शाकाहार पर जोर देते हुए कहा कि यह शरीर हरि मंदिर है। हम लोगों को विचार करना चाहिये कि ईंट पत्थर के बनाये मंदिरों को हम पवित्र रखते हैं। मांस, मछली, अण्डा, शराब आदि अखाद्य पदार्थों को डालकर गन्दा या अपवित्र नहीं करते। वहीं सत्संग में विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। हजारों की संख्या में भक्त सत्संग में शामिल हुए। महाराज जी ने आग्रह किया कि आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में आयोजित होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के पावन वार्षिक भंडारा सत्संग मेला में आने के लिये सबको आमंत्रित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, ओम प्रकाश चौधरी, मुखिया सरयुग प्रसाद सिन्हा, आयोजक योगेश कुमार, अवध किशोर प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।






# गर्मी और पछुआ हवा को लेकर अलर्ट: अगलगी रोकने के लिए डीएम ने की बड़ी समीक्षा बैठक

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में बढ़ती गर्मी और पछुआ हवा के बीच संभावित अगलगी (आगजनी) की घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शनिवार को जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान डीएम ने जिले में अगलगी से निपटने की तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए और किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए।



**मॉक ड्रिल और जागरूकता पर जोर**

डीएम ने कहा कि आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए समय–समय पर मॉक ड्रिल और जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि आम लोगों को सतर्क और प्रशिक्षित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाया जाए।

**गांवों में बढ़ा खतरा, सतर्क रहने की अपील**

प्रशासन के अनुसार, जिले में गर्मी का असर शुरू हो चुका है और पछुआ हवा के चलते गांवों में अगलगी की घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में घर, खेत, खलिहान और जान–माल की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी बरतना जरूरी है।

**जनता के लिए जारी की गई एडवाइजरी**

जिला प्रशासन ने आम लोगों के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसमें सुबह 9 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद खाना बनाने, खेतों में डंठल नहीं जलाने, चूल्हे की आग पूरी तरह बुझाने, बिजली वायरिंग की जांच कराने और घरों में पानी व बालू की व्यवस्था रखने जैसी महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। साथ ही, लोगों को सलाह दी गई है कि तेज हवा के दौरान खाना बनाने से बचें, ढीले या पॉलिस्टर कपड़े पहनकर खाना न बनाएं और बच्चों पर विशेष नजर रखें, ताकि वे आग से जुड़े खतरनाक खेल न करें।

**भवनों में आग लगने पर क्या करें**

आपात स्थिति में तुरंत भवन खाली करें, दरवाजे बंद करते हुए बाहर निकलें और सीढ़ियों का ही उपयोग करें। धुएं की स्थिति में झुककर या रेंगते हुए बाहर निकलने की सलाह दी गई है। साथ ही, बाहर निकलने के बाद अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचना देने को कहा गया है।

**क्या न करें**

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आग लगने की स्थिति में घबराहट में भागदौड़ न करें, लिफ्ट का उपयोग न करें और ऊपर की मंजिलों की ओर न जाएं। बिजली या तेल से लगी आग में पानी का प्रयोग करने से भी मना किया गया है।

**आपातकालीन नंबर जारी**

किसी भी अगलगी की स्थिति में तुरंत अग्निशमन सेवा से संपर्क करने की अपील की गई है। इसके लिए बिहारशरीफ, हिलसा और राजगीर के फायर स्टेशन के नंबर जारी किए गए हैं, साथ ही फायर कंट्रोल रूम, नालंदा का नंबर भी उपलब्ध कराया गया है।

**प्रशासन की अपील**

"थोड़ी सी सावधानी से बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। सभी नागरिक सतर्क रहें और आग से बचाव के नियमों का पालन करें।"

# जोरारपुर में निकली भव्य कलश यात्रा, गांव में गूंजे भजन–कीर्तन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ प्रखंड के जोरारपुर गांव में इन दिनों धार्मिक माहौल बना हुआ है। गांव में एकदिवसीय अखंड कीर्तन के आयोजन को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। इस कलश यात्रा में कुल 501 महिला श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सभी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा जोरारपुर गांव से शुरू होकर दीपनगर होते हुए कोसुक–पंचाने नदी तट तक पहुंची।नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि–विधान के साथ महिलाओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद यह यात्रा सिपाह गांव के रास्ते पुनः जोरारपुर गांव लौटी। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भजन–कीर्तन करते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।



गांव पहुंचने के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के साथ–साथ आसपास के क्षेत्रों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिल रहा है।

# व्हाट्सऐप हैक कर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 5 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने व्हाट्सऐप हैक कर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। नालंदा साइबर थाना की टीम ने पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को झांसा देकर उनके व्हाट्सऐप अकाउंट हैक कर पैसे की ठगी कर रहे थे।

**गुफापर में किराये के मकान से चल रहा था नेटवर्क**

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार थाना क्षेत्र के गुफापर स्थित एक दो मंजिला मकान में कुछ युवक किराये पर रहकर साइबर ठगी के धंधे में लगे हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी की और मौके से सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**पार्सल अपडेट के नाम पर बनाते थे शिकार**

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे लोगों को पार्सल में दर्ज पते को अपडेट करने का झांसा देते थे। इसी बहाने उनका व्हाट्सऐप अकाउंट हैक कर लेते थे। इसके बाद उसी अकाउंट से उनके रिश्तेदारों और जान–पहचान वालों को मैसेज भेजकर पैसे की मांग की जाती थी।

इस मामले में नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 83/26 (दिनांक 02.04.2026) के तहत भारतीय न्याय संहिता (ठछे) की विभिन्न धाराओं के साथ–साथ आईटी एक्ट की धारा 66, 66C और 66क के तहत केस दर्ज किया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**ये हैं गिरफ्तार आरोपी**

गिरफ्तार अपराधियों में नालंदा और शेखपुरा जिले के रहने वाले युवक शामिल हैंकृ नवल कुमार (34), कुमार आर्यन (37), प्रिंस कुमार (22), राजेश कुमार (26) और मोनू कुमार (18)।

**ठगी में इस्तेमाल सामान बरामद**

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 मोबाइल फोन (11 स्मार्टफोन व 2 कीपैड) और 9 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं, जिनका उपयोग साइबर ठगी में किया जा रहा था। इस सफल कार्रवाई में साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, संजय पासवान, सिपाही पुनेश कुमार, विजय कुमार सहित सशस्त्र बल और जिला आसूचना इकाई की टीम की अहम भूमिका रही। आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें और अपने व्हाट्सऐप या बैंक से जुड़ी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

# शीतला मंदिर भगदड़ के बाद एक्शन में नगर निगम, अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** शीतला मंदिर में हुई भगदड़ और आठ महिला श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत के बाद बिहार शरीफ नगर निगम अब एक्शन मोड में नजर आ रहा है। शनिवार को मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। उप नगर आयुक्त शम्स रजा के नेतृत्व में निगम कर्मियों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जों को बुलडोजर और हथौड़ों से ध्वस्त किया गया। प्रशासन का कहना है कि मघड़ा स्थित मंदिर के मुख्य प्रवेश और निकास द्वारों पर अतिक्रमण के कारण आवाजाही में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही थी, जो भगदड़ जैसी घटनाओं का कारण बन सकती थी। कार्रवाई से पहले इलाके में माइकिंग कर लोगों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद अवैध ढांचे नहीं हटाने पर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें तोड़ दिया। इस दौरान सड़क और अप्रोच एरिया में सामान रखने वाले दुकानदारों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया और कई सामान जब्त किए गए।नगर निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि यह एंटी–एनक्रोचमेंट अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन की योजना शहर की मुख्य सड़कों, व्यस्त चौराहों, बाजारों और अवैध पार्किंग स्थलों पर भी इसी तरह की कार्रवाई करने की है। उप नगर आयुक्त ने कड़े शब्दों में कहा कि शहर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है, जबकि आम जनता इसे भविष्य में होने वाले हादसों को रोकने की दिशा में एक जरूरी कदम मान रही है।

